सनातन धर्म में अमावस्या तिथि को पितरों के स्मरण और तर्पण का दिन माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए तर्पण, श्राद्ध और दान से पितृ प्रसन्न होते हैं तथा अपने वंशजों को सुख, समृद्धि और उन्नति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। जब यही अमावस्या सोमवार को आती है, तब इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि सोमवार भगवान शिव की उपासना का विशेष दिन माना गया है। इस प्रकार सोमवती अमावस्या पितृ पूजा और शिव भक्ति का अनूठा संगम बन जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करने का विशेष महत्व है। यदि गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान का अवसर प्राप्त हो जाए तो इसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। जो लोग तीर्थस्थलों तक नहीं पहुंच पाते, वे घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करते हैं। स्नान के पश्चात भगवान शिव और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं तथा सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की जाती है।

सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा का भी विशेष

महत्व है। भारतीय परंपरा में पीपल को देववृक्ष माना गया है। मान्यता है कि इसमें देवताओं का वास होता है। महिलाएं और पुरुष पीपल के वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा करते हैं तथा परिवार के सुख, स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। यह परंपरा केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का भी संदेश देती है। भारतीय संस्कृति ने वृक्षों को पूजनीय बनाकर पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी बढ़ावा दिया है। लोकजीवन में सोमवती अमावस्या केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का भी पर्व है। इस दिन दान-पुण्य करने की परंपरा लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करती है। अन्न, वस्त्र, फल, मिठाई, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करके लोग समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इससे सामाजिक सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

भारत के विभिन्न राज्यों में सोमवती अमावस्या को अलग-अलग परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। कहीं विशाल मेले लगते हैं तो कहीं धार्मिक यात्राएं निकाली जाती हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है। परिवार के सदस्य एक साथ पूजा करते हैं और धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं। इससे पारिवारिक एकता और सामाजिक जुड़ाव को भी बल मिलता है।

महिलाओं के लिए भी सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व माना गया है। अनेक महिलाएं इस दिन व्रत रखती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की दीर्घायु के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं। धार्मिक विश्वास है कि श्रद्धा और भक्ति से किया गया व्रत जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और मंगलकारी फल प्रदान करता है।

वर्ष 2026 की सोमवती अमावस्या को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इस दिन कई शुभ संयोग एक साथ बन रहे हैं। सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या, ज्येष्ठ अधिक मास का समापन और मिथुन संक्रांति जैसे योग इस दिन के धार्मिक महत्व को और अधिक बढ़ा रहे हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से भी इसे पुण्यकारी अवसर माना जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक प्राप्त होता है। सोमवती अमावस्या हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में जहां लोग अपनी परंपराओं और मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं, वहीं ऐसे पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। पितरों का स्मरण केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि अपनी विरासत, परिवार और संस्कारों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है।

आज के समय में जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा जीवन का प्रमुख हिस्सा बनती जा रही है, तब सोमवती अमावस्या जैसे पर्व हमें आध्यात्मिकता, सेवा, दया और परोपकार का संदेश देते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, परिवार और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

अंततः कहा जा सकता है कि सोमवती अमावस्या भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह श्रद्धा, विश्वास, भक्ति, दान और पितृ सम्मान का अनुपम संगम है। लोकजीवन में इसकी गहरी पैठ है और करोड़ों लोगों की आस्था इससे जुड़ी हुई है। यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक एकता, पारिवारिक सौहार्द, प्रकृति संरक्षण और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण सोमवती अमावस्या वास्तव में भारतीय लोकजीवन के उल्लास, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है।

संपादकीय

भारत में सूखे के आसार

भारत सरकार को उर्वरक, खाद सबसिडी 3.42 लाख करोड़ रुपए करनी पड़ सकती है। यह सबसिडी कंपनियों को दी जाएगी, ताकि वे खाद का पर्याप्त बंदोबस्त कर सकें। बजट में इस सबसिडी का करीब 1.71 लाख करोड़ रुपए का अनुमान रखा गया था। खाद के संकट के साथ देश की खाद्य-सुरक्षा भी जुड़ी है। यदि कमजोर मॉनसून और अल नीनो के कारण, खाद के अभाव में, उपज कम हुई, तो खाद्यान्न की कमी के कारण देश में खाद्य-संकट के हालात भी बन सकते हैं। कृषि विशेषज्ञ गेहूं, चावल, दलहन की उपज कम आंक रहे हैं, लिहाजा उनके आकलन हैं कि दक्षिण एशिया में सूखे के गंभीर आसार बन रहे हैं। उन देशों में भारत भी शामिल है। फिलहाल सरकार दावा कर रही है कि खाद्यान्न के भंडार भरे हैं, लेकिन बुनियादी समस्या उर्वरक और एलएनजी की है। हमें दोनों का आयात करना पड़ता है। करीब 59 फीसदी एलएनजी खाड़ी देशों से आयात होती रही है, जिसमें करीब 43 फीसदी एलएनजी अकेला कतर हमें सप्लाई करता था। ईरान युद्ध के दौरान मिसाइल हमलों से कतर की रिफाइनरी, एलएनजी के ढांचे, तेल के अन्य ठिकाने नष्ट हुए हैं, लिहाजा कतर को उत्पादन बहुत कम करना पड़ा है, नतीजतन आपूर्ति बाधित है। भारत में अब खरीफ की फसलों की बुवाई का समय है। धान, ईख, मक्का आदि मुख्य फसलें हैं। खाद का भारत का आयात बिल करीब 74 लाख करोड़ रुपए है। सरकार के प्रतिनिधि किसानों को सलाह दे रहे हैं कि यूरिया, डीएपी खाद का इस्तेमाल कम करें। जैविक, प्राकृतिक खेती पर फोकस है, लेकिन सरकारी अधिकारी यह नहीं जानते कि प्राकृतिक खेती के लिए औसत खेत तीन साल में तैयार होता है। यह खेती छोटे भू-भाग पर भी नहीं की जा सकती। किसान जिस खाद का इस्तेमाल करते हैं, उसका एक मोटा हिस्सा जमीन के भीतर रिस कर और भूमिगत जल के साथ मिल कर आसपास के खेतों में चला जाता है। उससे जैविक खेती प्रभावित, खादयुक्त हो जाती है। फिर वह प्राकृतिक खेती रहती ही नहीं। भारत में करीब 6.01 करोड़ टन खाद की सालाना खपत होती है। बेशक 90 फीसदी एनपीके का उत्पादन देश में ही किया जाता है और 87 फीसदी यूरिया का उत्पादन भी हम करने में सक्षम हैं, लेकिन उर्वरक संयंत्रों को चलाने के लिए भी एलएनजी चाहिए।

ज़िंदगी की मुश्किल ग्रामर: ज़िंदगी जब चाहे साइन बदल देती है

महानगर मेट्रो ब्यूरो

ज़िंदगी की ग्रामर किसी स्कूल या कॉलेज की टेक्स्टबुक जितनी आसान नहीं होती। भाषा की ग्रामर में नियम होते हैं कि कहाँ रुकना है और कहाँ सवाल पूछने हैं, लेकिन कुदरत ज़िंदगी की ग्रामर के नियम अपने हाथों से लिखती है। किसी ने बहुत खूबसूरती से लिखा है: 'ज़िंदगी जब चाहे फुल स्टॉप, कॉमा, एक्सक्लेमेशन मार्क लगा देती है... तुम्हारी ग्रामर बहुत मुश्किल है...' ये लाइनें सिर्फ़ शब्द नहीं हैं, बल्कि धरती पर रहने वाले हर इंसान के संघर्ष, उम्मीदों और अचानक आए हालात की जीती-जागती तस्वीर हैं।जब हम कामयाबी की दौड़ में आँख बंद करके दौड़ रहे होते हैं, भविष्य के लिए बड़े-बड़े प्लान बना रहे होते हैं, तो अचानक ज़िंदगी 'कॉमा' लगा देती है। पैसे का झटका, रिश्ते में खटास, या अचानक तबीयत खराब होना—ये सब ज़िंदगी के ठहराव हैं। यह इशारा हमें पूरी तरह से नहीं रोकता, लेकिन यह हमें 'रुकने, सांस लेने और फिर से शुरू करने' का इशारा देता है। ज़िंदगी के ये ठहराव हमें अपनी गलतियाँ सुधारने और नई दिशा में सोचने का मौका देते हैं। एक्सक्लेमेशन मार्क (!): अचानक आने वाले झटके और शानदार



सरप्राइज़ज़िंदगी कभी सीधी लाइन में नहीं चलती। कभी-कभी हमें इसमें इतनी खुशी मिल जाती है कि हमारी आँखें खुशी से भर जाती हैं, और कभी-कभी हमें ऐसा झटका लगता है कि इंसान हैरान रह जाता है। जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है और अचानक कोई मोड़ आता है, तो ज़िंदगी एक 'एक्सक्लेमेशन मार्क' बन जाती है। किसी अपने का अचानक चला जाना या अचानक कोई बड़ी कामयाबी, ये सब ज़िंदगी के वो पन्ने हैं जिन पर कुदरत ने एक्सक्लेमेशन मार्क बना दिया है। यह निशान हमें एहसास दिलाता है कि प्लान कितना भी अच्छा क्यों न हो, आखिरी फैसला समय पर ही होगा। फुल स्टॉप (.): खत्म नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का निशान सबसे मुश्किल निशान है 'फुल स्टॉप'। जब कोई लंबा रिश्ता टूट जाता है, कोई सपना अधूरा रह जाता है या कोई बड़ा बिज़नेस रुक जाता है, तो हमें लगता है कि सब कुछ खत्म हो गया। ज़िंदगी उस जगह पर फुल स्टॉप लगा देती है। इंसान हारकर बैठ जाता है। लेकिन, ज़िंदगी के ग्रामर की यही खासियत है—एक वाक्य का फुल स्टॉप ही दूसरे नए और खूबसूरत वाक्य की शुरुआत की ऑफिशियल शुरुआत है। जहाँ एक रास्ता बंद होता है, वहाँ एक नया रास्ता शुरू होता है। आखिर में... ग्रामर मुश्किल है, लेकिन जीना शानदार है। ज़िंदगी की इस मुश्किल ग्रामर से डरने की ज़रूरत नहीं है। भले ही कभी भी सिंबल बदल जाएं, पेन (हमारी हिम्मत) हमारे हाथ में होनी चाहिए। अगर ज़िंदगी कॉमा लगाए, तो थक जाओ, अगर एक्सक्लेमेशन मार्क लगाए, तो हालात को मान लो और अगर फुल स्टॉप लगा दे, तो एक नया चैप्टर लिखने के लिए तैयार हो जाओ। ज़िंदगी की इस ग्रामर को समझने वाले ही सच्चे सिकंदर बनते हैं।

सोच की बात: ज़िंदगी कभी आपके प्लान के हिसाब से नहीं चलती, यह अपने नियम खुद बनाती है। मैसेज: हर ब्रेक या रुकावट को अंत मत समझो, इसे ज़िंदगी की किताब का बस एक नया पन्ना समझो।

कलम की खनक फाउंडेशन

विश्व रक्तदाता दिवस विशेष

महानगर मेट्रो ब्यूरो

रक्तदान करने वाले उस निस्वार्थ वीर का करते हैं सम्मान ना दिन देखते ना रात रक्तदाता है वो करते रहते रक्तदान बिना जान पहचान के अपनो सा फर्ज निभाकर करते रक्तदान, आज उस महादानी रक्तदानी वीर का करते हैंआभार, दुनिया के लिए वो अनजाना हैं चुपके से वो जीवन दे जाता, यही वो सच्चा रक्तदाता करता नहीं कभी भी वो अभिमान

ना जात देखे ना नाम पूछते बस देखते है केसे बचाए इंसान
सारे काम छोड़ देते,भूख प्यास की भी नहीं है कोई फ़िक्र
ना गाँव ना दूरी देखे बस चल दे आए जब एक फोन कॉल
जिंदगी उनकी इससे जुड़ी बचा ली जिन्होंने अनगिनत जान
उनके हाथो से निकली खून की एक एक बूँद देती जीवनदान
किसी माँ की आँखों का नूर बचाती,किसी का बचाती सुहाग
किसी बच्चे की जिंदगी बचाती किसी बच्चे के सिर पिता का हाथ
बहन के भाई की कलाई बचाती रक्तदाता के रक्त की बूँदों की ये सौगात, कोई मेडल नहीं कोई शोर नहीं ना कोई दिखावे की झूठी शान
दूसरे के सीने में धड़कन भर दे एसा हैं वो चलता-फिरता भगवान
है रक्तदाता,है जीवन के दूत वो,कर देते दूसरों के जीवन मे उजियारा
देकर अपने खून का कतरा कतरा बचाते मरती हुई उम्मीद का दिया
तुम बदले में नहीं करते कभी कोई आशा मिटा देते किसी की निराशा ,करते हैं तुम्हारी सराहना करते हैं तुम्हें सलाम,सीखाते दुनिया को रक्तदान है महादान, इंसान के काम जो इंसान ना आए तो फिर वो कैसा इंसान बात ये सिखाई, कहते हैं मित्रों करो तुम भी रक्तदान आगे बड़ो अपना फर्ज निभाओ इससे बड़ा ना कोई दान, रहता इससे शरीर स्वस्थ बीमारीया नहीं होती ना इससे कोई नुकसान, ना होती कमजोरी,कुछ घण्टों मे फिर से बन जाएगा बचा लोगे तुम भी किसी की जान, तुम्हारे खून की कुछ बूँदों से सोचो जरा एक माँ फिर मुस्कुरायेगी किसी का टूटता घर फिर से जुड़ जाएगा, बिगड़ती हुई कहानी से किसी की कहानी नयी बन जाएगी, आओ एक प्रयास करे रक्तदान कर जीवन बचाए ले ये संकल्प आज

– काजल मनीष जैन, राजस्थान

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस: सम्मान और सुरक्षा का संकल्प

सुनील कुमार महला



बुजुर्ग हमारे अनुभव, संस्कार और जीवन मूल्यों की अमूल्य धरोहर हैं। कहना गलत नहीं होगा कि वे अनुभव और मार्गदर्शन का ऐसा खजाना होते हैं, जिसकी तुलना किसी भी भौतिक संपत्ति से नहीं की जा सकती। सच तो यह है कि बुजुर्ग केवल हमारे अतीत का ही हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हमारे वर्तमान की नींव और भविष्य के पथप्रदर्शक भी हैं। किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बच्चों और बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार करता है। बुजुर्ग परिवार को एकजुट रखने वाले घने छायादार व बड़े वृक्ष के समान होते हैं। अपने अनुभवों और मूल्यों के माध्यम से वे नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करते हैं तथा जीवन में सफलता और ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।सच तो यह है कि बुजुर्ग हमारी संस्कृति और परंपराओं के संवाहक हैं तथा बच्चों के लिए आदर्श की भूमिका निभाते हैं। परिवार में उनकी उपस्थिति सुरक्षा, विश्वास और भावनात्मक संबल का एहसास कराती है। वे परिवार के सदस्यों के बीच उत्पन्न होने वाले मतभेदों और विवादों को सुलझाने में मध्यस्थ की भूमिका निभाते हैं तथा घर में एकता और सामंजस्य बनाए रखते हैं। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान, सुरक्षा और उचित देखभाल करना हम सभी का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 15 जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस बुजुर्गों के प्रति होने वाले शोषण, उपेक्षा, हिंसा और आर्थिक दुर्व्यवहार के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए समर्पित है।

यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस की शुरूआत पहली बार 15 जून 2006 को इंटरनेशनल नेटवर्क फॉर द प्रिवेंशन ऑफ एल्डर एब्यूज और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से की गई थी। इसके बाद दिसंबर 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने अपने प्रस्ताव ए/आरईएस/66/127 के माध्यम से 15 जून को आधिकारिक रूप से विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। तब से यह दिवस पूरी दुनिया में संयुक्त राष्ट्र के आधिकारिक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज के समय में बदलती जीवनशैली और पारिवारिक संरचनाओं के कारण अनेक बुजुर्गों को उपेक्षा, अकेलेपन और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक दिन हम भी वृद्धावस्था में प्रवेश करेंगे। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि जिस व्यवहार की अपेक्षा हम अपने लिए करते हैं, वही सम्मान हमें आज अपने बुजुर्गों को देना चाहिए। यह दिवस हमें बुजुर्गों के साथ होने वाले शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और वित्तीय दुर्व्यवहार के प्रति सचेत करता है। अनेक बुजुर्ग डर, शर्म, सामाजिक दबाव अथवा जानकारी के अभाव में अपने साथ हो रहे अत्याचार की शिकायत नहीं कर पाते। इसलिए उन्हें अपनी आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें प्रभावी सुरक्षा तंत्र उपलब्ध कराना इस दिवस का प्रमुख उद्देश्य है।

यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में हर छह में से एक बुजुर्ग, अर्थात लगभग 15.7 प्रतिशत, किसी न किसी प्रकार के दुर्व्यवहार का शिकार होता है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि बुजुर्गों के साथ होने वाले 24 मामलों में से केवल एक मामला ही अधिकारियों तक पहुंच पाता है। अधिकांश मामले बदनामी, पारिवारिक संबंधों के टूटने या अपनों को खोने के डर से घर की चारदीवारी के भीतर ही दबकर रह जाते हैं। दुर्व्यवहार के मामलों में सबसे बड़ा हिस्सा मानसिक या भावनात्मक प्रताड़ना का होता है, जो लगभग 11.6 प्रतिशत है। इसमें ताने देना, अपमान करना, बात न करना या अकेला छोड़ देना जैसी स्थितियां शामिल हैं। दुखद तथ्य यह भी है कि अधिकांश मामलों में दुर्व्यवहार करने वाले बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि स्वयं परिवार के सदस्य–जैसे बच्चे, जीवनसाथी या करीबी रिश्तेदार होते हैं। इसके बाद वित्तीय धोखाधड़ी और आर्थिक शोषण के मामले सामने आते हैं। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक दुनिया में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 2 अरब तक पहुंच जाएगी। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो बुजुर्ग दुर्व्यवहार के शिकार लोगों की संख्या बढ़कर 32 करोड़ से अधिक हो सकती है, जो पूरे विश्व के लिए एक गंभीर सामाजिक चुनौती होगी।

भारत में बुजुर्गों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 लागू है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा अटल वयो अभ्युदय योजना तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन एल्डर लाइन जैसी सुविधाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि बुजुर्गों को आवश्यक सहायता और संरक्षण मिल सके। वर्ष 2025 की थीम थी-दीर्घकालिक देखभाल केंद्रों में बुजुर्गों के दुर्व्यवहार को संबोधित करना: डेटा और कार्रवाई के माध्यम से, जबकि वर्ष 2026 की आधिकारिक थीम है-जागरूकता से परे: बुजुर्ग दुर्व्यवहार रोकथाम को व्यावहारिक बनाना। यह थीम स्पष्ट रूप से संकेत देती है कि अब केवल जागरूकता फैलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसे मजबूत और व्यावहारिक तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है जो जमीनी स्तर पर बुजुर्गों के खिलाफ होने वाले अपराधों और दुर्व्यवहार को रोक सकें। इस अंतरराष्ट्रीय दिवस का आधिकारिक प्रतीक बैंगनी रंग है। गौरतलब है कि 15 जून के दिन दुनिया भर में लोग बैंगनी रंग के कपड़े पहनकर या पर्पल रिबन लगाकर बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं तथा उनके विरुद्ध होने वाली हिंसा और दुर्व्यवहार के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करते हैं।

अंततः यह समझना आवश्यक है कि बुजुर्गों को केवल भोजन, दवा और भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है। उन्हें सम्मान, प्रेम, मानसिक शांति, आत्मनिर्भरता और गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना भी उतना ही आवश्यक है। कानून अपनी भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन जब तक परिवार और समाज में संवेदनशीलता, सम्मान और मानवीय मूल्यों का विकास नहीं होगा, तब तक बुजुर्गों के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। बुजुर्ग हमारे परिवार और समाज की जड़ें हैं। यदि हम उनकी सुरक्षा, सम्मान और खुशहाली सुनिश्चित करेंगे, तभी एक संवेदनशील, सभ्य और संस्कारित समाज का निर्माण संभव होगा।

यूपी विधानसभा चुनाव 2027: सीट बंटवारे के लिए बेकरार होने लगे NDA के छोटे दल, BJP से लगाई गुहार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। चुनाव में फिलहाल कम से कम 8 महीने बाकी हैं लेकिन गठबंधनों में सीटों के बंटवार को लेकर खलबली होने लगी है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन, जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस शामिल है, में सीटों के लिए रस्साकशी के संकेत कई दिन पहले से मिलने लगे थे। अब सत्ता पक्ष एनडीए में भी सीटों के लिए खास तौर पर छोटे दल व्याकुल नजर आने लगे हैं। वे एनडीए का नेतृत्व करने वाली बीजेपी की ओर से सीटों के बंटवारे का फैसला जल्दी चाहते हैं।

इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे की रणनीति तय

नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस का नेतृत्व करने वाली बीजेपी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक कोई संकेत नहीं दिए हैं। दूसरी तरफ यूपी में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने यह तय कर दिया है कि वे सहयोगी दलों को सिर्फ वे सीटें देंगे जिन पर उनका उम्मीदवार मजबूत हो और जीत का दावा पक्का हो। बीजेपी सीटों के बंटवारे में क्या रणनीति अपनाने वाली है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। एनडीए में शामिल दो छोटे दलों निषाद पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी से गठबंधन की पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे पर जल्द समझौता करने की मांग की है। दिल्ली में भारत मंडपम में हाल ही में हुई एनडीए की बैठक में निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद बीजेपी नेतृत्व ने उन्हें भरोसा दिलाया है.

कैंसर पीड़ित 3 साल के बच्चे को दवा की जगह लगाया 'फॉर्मेलिन' केमिकल का इंजेक्शन; मासूम की तड़पकर मौत, दो नर्सों पर FIR

महानगर मेट्रो ब्यूरो

भोपाल। लापरवाही का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है. ब्लड कैंसर से जूझ रहे 3 साल के बच्चे की मौत कथित तौर पर निर्धारित दवा की जगह फॉर्मेलिन इंजेक्ट किए जाने के बाद हो गई. मामले में दो नर्सिंग अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. घटना दिसंबर 2025 की है. तीन साल का सार्थक यादव मध्य प्रदेश के सागर जिले की बीना तहसील के कौरजा गांव का निवासी था. ल्यूकेमिया से पीड़ित सार्थक की तबीयत बिगड़ने पर उसे 15 दिसंबर 2025 को एम्स भोपाल के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया था. भर्ती के दो दिन बाद, 17 दिसंबर की सुबह उपचार के दौरान हुई एक कथित चूक उसके लिए जानलेवा साबित हुई. अस्पताल की आंतरिक जांच के अनुसार, बच्चे की आईवी लाइन ब्लॉक हो गई थी. इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद एक नर्सिंग अधिकारी मधुबाला शर्मा ने बिना उचित पहचान और सत्यापन किए एक सिरिंज जिसपर F लिखा हुआ था उसमें मौजूद पदार्थ बच्चे की नस में इंजेक्ट कर दिया. परिजनों का आरोप है कि बच्चे के पिता ने कई बार स्टाफ को आगाह किया था कि सिरिंज में निर्धारित दवा नहीं है, लेकिन उनकी चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया गया उल्टा उसे डांटकर चुप करा दिया. इंजेक्शन लगाए जाने के कुछ ही क्षणों बाद बच्चे की हालत तेजी से बिगड़ने लगी. वह अचेत हो गया, जिसके बाद उसे तत्काल पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया.डॉक्टरों ने उसे बचाने के लिए लंबे समय तक प्रयास किए, लेकिन सुबह 8:45 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया. क्या होता है फॉर्मेलिन? जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि जिस सिरिंज का इस्तेमाल किया गया, उसमें फॉर्मेलिन भरा हुआ था. फॉर्मेलिन एक रासायनिक पदार्थ है, जिसका उपयोग अस्पतालों और प्रयोगशालाओं में बायोप्सी सैंपल समेत मानव ऊतकों को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है. जांच में यह भी सामने आया कि एक अन्य नर्सिंग स्टाफ अनुका गुजराती ने लैब के उपयोग के लिए फॉर्मेलिन को सिरिंज में भरकर रखा था और अस्पताल प्रोटोकॉल का पालन करने के बजाय उसे सुरक्षित स्थान पर रखने के बजाय मरीज के बेड के पास छोड़ दिया था आंतरिक जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा है कि फॉर्मेलिन का नसों के माध्यम से शरीर में पहुंचना बच्चे की मौत का प्रत्यक्ष कारण बना. समिति ने इस घटना के लिए नर्सिंग स्टाफ की गंभीर लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है. ंच रिपोर्ट के आधार पर बागसेवनिया थाना पुलिस ने 11 जून को दो नर्सिंग अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया SHO अमित सोनी ने 'आजतक' से बात करते हुए बताया कि मधुबाला शर्मा पर BNS की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मृत्यु कारित करने का केस दर्ज किया गया है.

खरगोन में फूटी मुख्य पानी की पाइपलाइन, 40 फीट ऊंचा उठा फव्वारा, 15 हजार लोग परेशान

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नागौद। सतना जिले में स्थित नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में 11 जून को हुए सनसनीखेज गोलीकांड में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आ गया है। घटना के बाद से सुर्खियों में रहे रूपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा ने चार दिनों के बाद पहली बार मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने उन तमाम चर्चाओं और दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें घायल महिला सुनीता सिंह को उनकी दूसरी पत्नी या प्रेमिका बताया जा रहा था। रूपेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि सुनीता केवल उनकी बिजनेस पार्टनर और पेट्रोल पंप की मैनेजर हैं।

'डिफेंस में चली गोली, दीवार से टकराकर पत्नी को लगी'

बाबा राजा ने घटना के वक्त का ब्योरा देते हुए आरोप लगाया कि उनकी पत्नी योगिता सिंह, साले नागेंद्र सिंह राठौर और अन्य ससुराल वालों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की थी। दोपहर करीब 3:30 बजे हुए इस विवाद में उन्हें धक्का देकर गिराया गया, जिससे उनका चश्मा टूट गया और वे

घायल हो गए। उन्होंने दावा किया कि जब हमलावर उन पर हावी हो रहे थे, तब सुनीता सिंह ने अपनी आत्मरक्षा में दीवार की तरफ हवाई फायरिंग की थी। वह गोली दीवार से टकराकर सीधे योगिता सिंह को जा लगी। उनका इरादा किसी को जान से मारने का नहीं था।

संपत्ति विवाद और क्रॉस एफआईआर

इस पूरे मामले के पीछे वैवाहिक और संपत्ति विवाद को मुख्य वजह बताया जा रहा है। रूपेंद्र सिंह के अनुसार, उन्होंने अपने रिश्ते को बचाने के लिए पहले ही कोर्ट में धारा 9 तहत केस दायर कर रखा था, लेकिन ससुराल पक्ष की नजर उनकी पैतृक संपत्ति पर है। फिलहाल, उचेहरा थाना पुलिस ने बाबा राजा की शिकायत पर साले नागेंद्र सिंह सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट और धमकी की धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है। फायरिंग करने वाली आरोपी सुनीता परिहार पहले ही पुलिस की गिरफ्त में है और अब मामले की असल सच्चाई फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही साफ होगी। कानूनी जानकारों के अनुसार, जब पति या पत्नी में से कोई भी बिना किसी वाजिब कारण के एक-दूसरे से अलग रहने लगता है, तो पीड़ित पक्ष अदालत में 'दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना' के लिए धारा 9 के तहत याचिका लगा सकता है। अदालत दोनों पक्षों को सुनकर साथ रहने का आदेश दे सकती है। इस मामले में बाबा राजा इसी आधार पर खुद को बेकसूर बता रहे हैं।

'ये चूड़ियां वही लाए थे, कैसे उतारूं...' पति की लाश से आखिरी बार मांग में भरवाया सिंदूर, फफक पड़े लोग

महानगर मेट्रो ब्यूरो

प्रयागराज। शुक्रवार को घर से निकलते वक्त किसी ने नहीं सोचा था कि यह सफर आखिरी साबित होगा. चार दोस्त गर्मी से राहत पाने के लिए शिमला घूमने जा रहे थे. परिवार वालों से हंसते हुए विदा ली थी. किसी ने कहा था जल्दी लौट आना, किसी ने रास्ते में फोन करने को कहा था. लेकिन कुछ घंटों बाद एक फोन कॉल ने चार परिवारों की दुनिया हमेशा के लिए बदल दी. प्रयागराज के फाफामऊ इलाके के रहने वाले अनुपम गुप्ता, उदय सिंह, विजय और अमन कश्यप शिमला घूमने निकले थे. गंगा एक्सप्रेसवे पर उनकी कार तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही थी. सफर, दोस्ती और पहाड़ों की बातें चल रही थीं. लेकिन उन्नाव के पास एक खड़े ट्रक से कार की भीषण टक्कर हो गई. हादसा इतना भयावह था कि चारों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई. शनिवार को जब चारों के शव प्रयागराज पहुंचे तो पूरा इलाका मातम में डूब गया. जिन घरों से कुछ घंटे पहले हंसी की आवाजें आ रही थीं, वहां अब चीखें और सिसकियां सुनाई दे रही थीं. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. हर कोई बस एक ही सवाल पूछ रहा था- ऐसा क्यों हुआ? लेकिन इस पूरे दर्दनाक घटनाक्रम के बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम कर दीं. यह दृश्य था अनुपम गुप्ता के घर का. घर के आंगन में अनुपम का शव रखा हुआ था. रिश्तेदार, पड़ोसी और परिचित अंतिम दर्शन के लिए पहुंच रहे थे. इसी बीच उनकी पत्नी प्रिया अपने पति के शव के पास बैठी रो रही थीं. बार-बार पति का चेहरा देखतीं और फिर फूट-फूटकर रो पड़तीं. हिंदू परंपराओं के अनुसार, पति की मृत्यु के बाद पत्नी के सुहाग के प्रतीक चिन्ह उतारे जाते हैं. मांग का सिंदूर पोंछा जाता है और चूड़ियां तोड़ी जाती हैं. लेकिन यह रस्म निभाना प्रिया के लिए किसी पहाड़ से कम नहीं था.

किसान की बिजली काटी वन विभाग ने, पर झेलना पड़ा विद्युत कंपनी को; उपभोक्ता आयोग ने नहीं सुनी कोई दलील

महानगर मेट्रो ब्यूरो

भोपाल। मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने बिजली आपूर्ति में रुकावट के एक मामले में विद्युत वितरण कंपनी के ढुलमुल रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। आयोग ने एक किसान के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिजली कंपनी को ?20,000 का मुआवजा और अदालती खर्च देने का निर्देश दिया है। जस्टिस सुनीता यादव (अध्यक्ष) और मोनिका मलिक (सदस्य) की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि उपभोक्ता के परिसर में बिजली आपूर्ति को बहाल करना पूरी तरह से यूटिलिटी कंपनी की ही जिम्मेदारी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पीड़ित किसान ने अपनी कृषि भूमि पर बिजली कनेक्शन और DP लगाने के लिए 'नई पंप कनेक्शन सब्सिडी योजना' के तहत आवेदन किया था। बिजली कंपनी के निर्देशों का पालन करते हुए किसान ने ?2.04 लाख की राशि भी जमा कर दी

थी। किसान का आरोप था कि कंपनी ने उसके खेत में बिजली के खंभे तो खड़े कर दिए, लेकिन न तो बिजली चालू की और न ही डीपी लगाई। इस लापरवाही के कारण किसान को खेती के काम में भारी नुकसान उठाना पड़ा, जिसके बाद उसने जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। वन विभाग का पेंच और कंपनी के खोखले दावे MP मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने जिला आयोग के 2016 के आदेश को चुनौती देते हुए दलील दी थी कि उन्होंने खंभे गाड़कर और तार जोड़कर अपना काम पूरी तरह से किया था।हालांकि, कोर्ट ने पाया कि बिजली कंपनी ने जनवरी 2015 में ही इस संबंध में वन विभाग को पत्र लिखा था, जिससे साबित होता है कि कंपनी इस व्यवधान से पूरी तरह वाकिफ थी। इसके बावजूद उन्होंने अदालत के सामने यह दावा किया कि उन्हें इस बात की जानकारी जिला आयोग का नोटिस मिलने के बाद हुई, जो उनकी अज्ञानता और लापरवाही को दर्शाता है। राज्य उपभोक्ता आयोग ने जिला मंच के उस फैसले को सही ठहराया जिसमें बिजली कंपनी को 15 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और अन्य सरकारी विभागों से समन्वय कर बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, राज्य निकाय ने जिला आयोग के उस पिछले आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें बिजली कंपनी को किसान द्वारा जमा किए गए 2.04 लाख के कनेक्शन शुल्क को वापस करने के लिए कहा गया था, क्योंकि अब कंपनी को कनेक्शन सुचारू रूप से चालू करने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

पहली उड़ान जमीन देने वालों के नाम... जेवर एयरपोर्ट से कल लखनऊ जाएंगे 172 किसान

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नोएडा। जेवर क्षेत्र में बने जेवर एयरपोर्ट से 15 जून को पहली व्यावसायिक उड़ान का संचालन किया जाएगा. यह उड़ान परियोजना के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के नए युग की शुरुआत होगी. पहली उड़ान में कुल 172 किसान सफर करेंगे, जो इस परियोजना से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े रहे हैं. साथ ही इन्हीं किसानों ने अपनी जमीन भी दी थी.

लखनऊ पहुंचकर CM योगी से करेंगे मुलाकात

जानकारी के मुताबिक कल की पहली विशेष उड़ान लखनऊ के लिए संचालित की जाएगी. इस दौरान किसानों के साथ जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहेंगे. सभी यात्री लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे और जेवर एयरपोर्ट परियोजना के लिए अपनी भूमि देने के बदले उन्हें औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित करेंगे. जेवर एयरपोर्ट परियोजना के लिए स्थानीय किसानों ने अपनी हजारों एकड़ भूमि का योगदान दिया था, जिसके कारण यह विशाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना आकार ले सकी. सरकार और प्रशासन का मानना है कि बिना किसानों के सहयोग के यह परियोजना संभव नहीं थी. इसी योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से यह विशेष उड़ान आयोजित की जा रही है. इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है. किसानों का कहना है कि उनकी भूमि देश और राज्य के विकास में उपयोग हो रही है, यह उनके लिए गर्व की बात है. वहीं प्रशासन ने भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की हैं. जेवर एयरपोर्ट से पहली उड़ान का संचालन न केवल विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह किसानों और विकास परियोजनाओं के बीच साझेदारी का प्रतीक भी है. दावा किया जा रहा है.

6 किलोमीटर पैदल चलकर थाने पहुंची महिला, पति ने 24 घंटे बनाया बंधक, गले में लटका ताला देख कांप उठी पुलिस

मध्य प्रदेश के राजगढ़ में एक शराबी पति ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए खाना परोसने में देरी होने पर अपनी पत्नी को जंजीर से बांधकर ताला लगा दिया और गर्म सरिए से दागा

महानगर मेट्रो ब्यूरो

राजगढ़। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के खिलचीपुर अंतर्गत छीपीपुरा गांव से रूह कपां देने वाली घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। यहां एक सनकी पति ने खाना परोसने में थोड़ी सी देरी होने पर अपनी पत्नी पर इस कदर जुल्म ढाए कि सुनने वालों के रोंगटे खड़े हो जाएं। आरोपी ने न सिर्फ अपनी पत्नी को डंडों से पीटा, बल्कि उसके गले में लोहे की भारी जंजीर डालकर ताला लगा दिया और आंगन के खंभे से बांध दिया।

24 घंटे बंधक, गर्म सरिए से दागा

पीड़िता मांगी बाई तंवर के मुताबिक, 10 जून की दोपहर उसका पति सरदार सिंह तंवर शराब के नशे में धुत होकर घर आया था। विवाद बढ़ने पर उसने पीड़िता को 24 घंटे तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान आरोपी ने क्रूरता की हदें पार करते हुए गैस चूल्हे पर लोहे का सरिया गर्म किया और महिला के पैर, कमर सहित शरीर के कई हिस्सों को बेरहमी से दाग दिया। जब महिला दर्द से चिल्लाई, तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया ताकि आवाज बाहर न जा सके। आरोपी ने धमकी दी कि अब देखता हूं तुम

पुलिस के पास कैसे जाती हो।

जंजीर लटकाए 6 किमी पैदल चली पीड़िता

इस खौफनाक कैद से किसी तरह मौका पाकर महिला ने ताला तोड़ा और गले में जंजीर लटके हुए ही जंगल के रास्ते करीब 6 किलोमीटर का सफर तय किया। रात 10 बजे जब वह बदहवास हालत में खिलचीपुर थाने पहुंची, तो उसके गले में जंजीर और ताला देखकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए। 10 साल पहले शादी के बंधन में बंधी मांगी बाई का एक बच्चा था, जिसकी 3 महीने की उम्र में मौत हो गई थी, जिसके बाद से पति अक्सर विवाद करता था। महिला बेहद डरी हुई और दर्द में थी, उसके गले में जंजीर और ताला लगा हुआ था। हमने तुरंत उसे सुरक्षा दी और उसका मेडिकल कराया। कानून हाथ में लेने वाले और इस तरह की अमानवीय क्रूरता करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच जारी है। खिलचीपुर थाना प्रभारी कमल सिंह गहलोत ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सबसे पहले पीड़िता का मेडिकल कराया। महिला की शिकायत के आधार पर विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पति सरदार सिंह तंवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।



बेटा IPS, पिता से 2.27 करोड़ रुपये की ठगी, बाराबंकी में 5 पर FIR,

महानगर मेट्रो ब्यूरो

बाराबंकी। यूपी के बाराबंकी में 2.27 करोड़ रुपये के जमीन सौदे को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। मध्य प्रदेश कैडर के एक आईपीएस अधिकारी के पिता राधाकांत शुक्ला ने नगर कोतवाली में होटल एवं रियल एस्टेट कारोबारी समेत कई लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि जमीन खरीदने के नाम पर उनसे करोड़ों रुपये लिए गए, लेकिन जमीन किसी और को बेच दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बाराबंकी नगर क्षेत्र के मयूर विहार कॉलोनी निवासी आईपीएस आदर्शकांत शुक्ला के पिता राधाकांत शुक्ला ने वर्ष 2018 से 2024 के बीच उन्होंने करीब 13,150 वर्गफीट भूमि खरीदने के लिए कुल 2.27 करोड़ रुपये दिए थे। उनका दावा है कि यह धनराशि परिवार का सोना बेचकर जुटाई गई थी। आरोप है कि रियल स्टेट कारोबारी विवेक गुप्ता, निवेद

प्रताप सिंह उर्फ गोलू , शुभी सिंह, भावना रानी और विशाल ने जमीन दिलाने का आश्वासन देकर रकम ली, लेकिन बाद में उसी जमीन को अन्य लोगों को बेच दिया।

दुबई में कारोबार शिफ्ट करने के आरोप

राधाकांत शुक्ला के मुताबिक, उनके द्वारा रकम वापस मांगने पर उन्हें केवल 1.05 करोड़ रुपये लौटाए गए। इस दौरान सोने की कीमतों में भारी वृद्धि होने से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया है कि शेष धनराशि अब तक वापस नहीं की गई और भुगतान के नाम पर लगातार टालमटोल की जाती रही। पुलिस को दी तहरीर में दुबई कनेक्शन का भी जिक्र करते हुए आरोपियों के विदेश में कारोबार स्थापित करने और वहां शिफ्ट होने की तैयारी का दावा किया गया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी

वहीं आरोपी कारोबारी निवेद प्रताप सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि शुक्ला द्वारा करीब 1.27 करोड़ रुपये दिए गए थे, जिनमें से 1.05 करोड़ रुपये वापस किए जा चुके हैं और केवल 22 लाख रुपये बकाया हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता अतिरिक्त ब्याज की मांग कर रहे हैं। कारोबारी ने चेक में ओवरराइटिंग किए जाने का भी दावा किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नोएडा में सड़क हादसा: दिल्ली जा रही बस महामाया फ्लाईओवर के पास पलट गई, एक दर्जन यात्री घायल

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नोएडा। महामाया फ्लाईओवर के पास रविवार को एक तेज रफ्तार बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के वक्त बस फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही थी और उसमें सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि क्षतिग्रस्त बस को हटाकर यातायात सामान्य कराया गया. दिल्ली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बस रविवार को नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास हादसे का शिकार हो गई. बस पहले डिवाइडर से टकराई और फिर कंट्रोल से बाहर होकर सड़क पर पलट गई. इस हादसे में बस में सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, बस फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही थी. जब बस नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास पहुंची, तभी चालक का कंट्रोल बस पर नहीं रहा. तेज रफ्तार बस डिवाइडर से जाकर

टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस पलट गई. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई. आसपास मौजूद राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया. इसी के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी गई. सूचना मिलते ही नोएडा पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस ने लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया.

इस हादसे के बाद कुछ समय के लिए दिल्ली जाने वाले मार्ग पर ट्रैफिक प्रभावित रहा. सड़क पर बस पलट जाने से वाहनों की कतार लग गई. बाद में पुलिस और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा नोएडा के फेज-1 थाना क्षेत्र में महामाया फ्लाईओवर के पास हुआ. शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि तेज रफ्तार में बस होने की वजह से हादसा हुआ. हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है .

पहले स्कूटी ने मारी टक्कर, फिर गुड्स कैरियर ने कुचला... दिल्ली पुलिस के जवान की दर्दनाक मौत

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। राजधानी दिल्ली में ड्यूटी के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई. हादसा कश्मीरी गेट स्थित रिंग रोड पर उस समय हुआ, जब वह यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे. जानकारी के मुताबिक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में तैनात हेड कॉन्स्टेबल अनिल (39) शांति वन से चांदनी राम अखाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर ड्यूटी कर रहे थे. इसी दौरान हनुमान मंदिर की तरफ से आ रही एक स्कूटी, जिस पर तीन लोग सवार थे, ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर लगने से अनिल सड़क पर गिर गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर गिरते ही पीछे से आ रही एक मालवाहक गाड़ी (गुड्स कैरियर) ने उन्हें कुचल दिया. हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने उन्हें सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

हादसे पर पुलिस विभाग ने जताया दुख

पुलिस के अनुसार हादसे के बाद स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया, जबकि मालवाहक वाहन को मौके पर ही पकड़ लिया गया. मामले की जांच शुरू कर दी गई है और फरार स्कूटी चालक की तलाश की जा रही है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके. पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है. हेड कॉन्स्टेबल अनिल दिल्ली के छतरपुर इलाके में किराये के मकान में रहते थे, जबकि उनका परिवार राजस्थान के कोटपूतली जिले की बहरोड़ तहसील के जटगनवारा गांव (पोस्ट जखराना) में रहता है. इस हादसे के बाद पुलिस विभाग में शोक की लहर है. सहकर्मियों ने अनिल को कर्तव्यनिष्ठ और मेहनती अधिकारी बताते हुए उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है.

ममता बनर्जी के खिलाफ FIR दर्ज किए जाने पर भड़के संजय राउत, बोले- अनुराग ठाकुर ने भी दिया था भड़काऊ भाषण

महानगर मेट्रो ब्यूरो

महाराष्ट्र। शिवसेना सांसद संजय राउत ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ FIR दर्ज किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार से भड़काऊ भाषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जा रहे हैं तो दिल्ली चुनाव के दौरान अनुराग ठाकुर जैसे लोगों ने जिस प्रकार से भड़काऊ भाषण दिए, उनके खिलाफ क्यों नहीं FIR दर्ज हुआ? उत्तर प्रदेश में तो बीजेपी के हर नेता इस प्रकार के भाषण देते हैं। उनके खिलाफ क्यों FIR दर्ज नहीं हुआ? ममता बनर्जी एक लड़ने वाली राजनेत्री हैं। उन्हें चारों ओर से घेरकर बीजेपी खत्म करना चाहते हैं, लेकिन हम सब उनके साथ हैं। वे एफआईआर से डरने वाली महिला नहीं हैं।

संजय राउत ने किया यह दावा

संजय राउत ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी चुनाव हार ही नहीं सकती हैं। भवानीपुर में उनका हारना कई सवाल खड़े करता है। जरूर कुछ न कुछ गड़बड़ हुई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ममता बनर्जी हारी हैं, उसमें कहीं न कहीं साजिश की बू आती है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल में एक साथ 4 हजार ईवीएम जलकर खाक हो गए। उससे कई तरह के सवाल खड़े होते हैं। वहीं TMC सांसद कीर्ति आजाद ने भी इस मुद्दे पर बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि झूठे और मनगढ़ंत केस दर्ज करने की बात है तो ऐसा होता रहेगा। इसमें कुछ नई बात नहीं है। बीजेपी शुरू से ही ऐसा करती आ रही है। उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों को बुरी तरह निशाना बनाया है। ठीक वैसे ही जैसे अंग्रेज़ों के शासन में होता था। अगर आप बीजेपी के साथ जुड़ते हैं, तो आपको फ़ंडिंग मिलती है और आपके केस भी खत्म हो जाएंगे। अगर आप बीजेपी के साथ नहीं जुड़ते हैं.

ऑपरेशन टाइगर का डर! उद्धव ने अपने सभी सांसदों को बुलाया 'मातोश्री', जानें? कितने पहुंचे

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुंबई स्थित अपने आवास 'मातोश्री' पर पार्टी सांसदों की बैठक बुलाई. यह बैठक ऐसे समय में बुलाई गई, जब महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारों में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा है. ऐसी अटकलें लग रही हैं कि शिवसेना (यूबीटी) के कुछ सांसद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो सकते हैं. वहीं, शिवसेना (यूबीटी) से जुड़े सूत्रों ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मुद्दों की समीक्षा करना और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा करना है. कुछ सांसदों के प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुट के संपर्क में होने की खबरों के बाद पार्टी नेतृत्व ने सभी सांसदों को एक साथ बुलाकर स्थिति का आकलन करने का फैसला किया है. उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई इस बैठक में पार्टी के 9 में से 8 सांसद शामिल हुए, जबकि परभणी सांसद संजय जाधव अनुपस्थित रहे. मातोश्री में हुई इस बैठक में शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत भी मौजूद रहे. बैठक में चार सांसदों ने शारीरिक रूप से हिस्सा लिया, जबकि 4सांसद ऑनलाइन माध्यम से जुड़े. बैठक में जो सांसद फिजिकली मौजूद रहे उनमें- अरविंद सावंत (दक्षिण मुंबई), अनिल देसाई (मुंबई दक्षिण मध्य), राजाभाऊ वाजे (नासिक) और संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर-पूर्व) शामिल हैं. वहीं संजय देशमुख (यवतमाल-वाशिम), भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी) और ओमराजे निंबालकर (धाराशिव) और नागेश पाटिल अष्टीकर (हिंगोली) ऑनलाइन जुड़े. वहीं, संजय जाधव की अनुपस्थिति ने राजनीतिक अटकलों को और हवा दे दी है, क्योंकि वह हाल के कुछ पार्टी कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं हुए थे. शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बैठक के बाद प्रेस ब्रीफिंग में कुछ पार्टी सांसदों के फिजिकली नहीं मौजूद रहने और संजय जाधव की अनुपस्थिति को पार्टी में आंतरिक संकट से जोड़ने की अटकलों को खारिज किया. उन्होंने कहा कि संजय जाधव की पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से फोन पर बात हुई है. ओमराजे निंबालकर ने पहले ही पार्टी को सूचित कर दिया था कि उनका बेटा अस्पताल में भर्ती है, इस कारण वह बैठक में फिजिकली शामिल नहीं हो सकेंगे. भाऊसाहेब वाकचौरे की पत्नी बीमार थीं, इसलिए वह बैठक से ऑनलाइन जुड़े. संजय देशमुख अपनी बेटी की शादी के कारण बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए. उन्होंने कहा कि यह एक नियमित संगठनात्मक बैठक है.

'कांग्रेस में विलय छोड़िए, NDA में आइए...' शरद पवार को रामदास आठवले का ऑफर

संभावित विलय की चर्चाओं के बीच केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शरद पवार को एक ऑफर दिया है. उनके इस बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में इसे लेकर चर्चा तेज हो गई है.

महानगर मेट्रो ब्यूरो

महाराष्ट्र। राजनीति में शरद पवार की पार्टी NCP के कांग्रेस में संभावित विलय की चर्चाओं के बीच केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने नया ऑफर दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस में जाने के बजाय शरद पवार को ह्ष्ठ में शामिल होना चाहिए. आठवले ने यह भी कहा कि अगर पवार को BJP से कोई दिक्कत है तो वे उनकी पार्टी RPI में भी आ सकते हैं. न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, मुंबई में शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान रामदास आठवले ने कहा कि पहले वह खुद शरद पवार को कांग्रेस के साथ जाने की सलाह दे चुके हैं, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं. उनके मुताबिक कांग्रेस पहले जितनी मजबूत नहीं रही, इसलिए पवार के लिए NDA एक बेहतर विकल्प हो सकता है. दरअसल, पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र की राजनीति में यह चर्चा तेज है कि शरद पवार की अगुवाई वाली NCP का कांग्रेस में विलय हो सकता है. इस चर्चा को उस समय और बल मिला जब शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि कांग्रेस से निकली पार्टियों को फिर उसके साथ आ जाना चाहिए, ताकि PTI के खिलाफ मजबूत विपक्ष तैयार किया जा सके. इसी प्रतिक्रिया का जवाब देते हुए आठवले ने कहा कि'कांग्रेस में जाने के बजाय पवार को NDA में आना चाहिए. अगर BJP से कोई दिक्कत है तो वह RPI में शामिल हो सकते हैं'. उनके इस बयान के बाद शरद पवार की सियासी रणनीति को लेकर चर्चाएं बढ़ गई हैं. हालांकि, शरद पवार या उनकी पार्टी की ओर से कांग्रेस में विलय को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है. लेकिन आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर पवार खेमे का रुख क्या रहता है, इस पर सबकी नजर बनी हुई है.

15 जून से नेरल-अमन लॉज के बीच नहीं चलेगी टॉय ट्रेन, सेंट्रल रेलवे ने क्यों उठाया ये कदम?

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। मध्य रेल ने मॉनसून के दौरान नेरल-माथेरान नैरोगेज लाइन के नेरल-अमन लॉज खंड पर नियमित यात्री सेवाओं को 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। हालांकि, इस अवधि में पर्यटकों और यात्रियों की सुविधा के लिए माथेरान-अमन लॉज के बीच शटल सेवाएं संचालित की जाएगी। ये सेवाएं प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगी, जबकि शनिवार और रविवार को अतिरिक्त विशेष फेरे भी चलाए जाएंगे। सभी शटल सेवाएं 3 द्वितीय श्रेणी डिब्बों, 1 प्रथम श्रेणी डिब्बे तथा 2 द्वितीय श्रेणी सह सामान यान (लगेज वैन) के साथ संचालित की जाएंगी। प्रतिदिन माथेरान से अमन लॉज के लिए छह शटल सेवाएं सुबह 8:20 बजे से शाम 5:20 बजे तक चलेंगी। वहीं अमन लॉज से माथेरान के लिए भी छह नियमित सेवा

माथेरान-अमन लॉज-माथेरान शटल सेवाएं

52154 माथेरान प्रस्थान 08.20 बजे; अमन लॉज आगमन 08.38 बजे 52156 माथेरान प्रस्थान 09.10 बजे; अमन लॉज आगमन 09.28 बजे 52158 माथेरान प्रस्थान 11.35 बजे; अमन लॉज आगमन 11.53 बजे 52160 माथेरान प्रस्थान 14.00 बजे; अमन लॉज आगमन 14.18 बजे 52162 माथेरान प्रस्थान 15.15 बजे; अमन लॉज आगमन 15.33 बजे 52164 माथेरान प्रस्थान 17.20 बजे; अमन लॉज आगमन 17.38 बजे (शनिवार/रविवार को) स्पेशल-2 माथेरान प्रस्थान 10.05 बजे; अमन लॉज आगमन 10.23 बजे स्पेशल-4 माथेरान प्रस्थान 13.10 बजे; अमन लॉज आगमन 13.28 बजे अमन लॉज-माथेरान शटल सेवाएं (प्रतिदिन) 52153 अमन लॉज प्रस्थान 08.45 बजे; माथेरान आगमन 09.03 बजे 52155 अमन लॉज प्रस्थान 09.35 बजे; माथेरान आगमन 09.53 बजे 52157 अमन लॉज प्रस्थान 12.00 बजे; माथेरान आगमन 12.18 बजे 52159 अमन लॉज प्रस्थान 14.25 बजे; माथेरान आगमन 14.43 बजे 52161 अमन लॉज प्रस्थान 15.40 बजे; माथेरान आगमन 15.58 बजे 52163 अमन लॉज प्रस्थान 17.45 बजे; माथेरान आगमन 18.03 बजे (शनिवार/रविवार को) स्पेशल-1 अमन लॉज प्रस्थान 10.30 बजे; माथेरान आगमन 10.48 बजे स्पेशल-3 अमन लॉज प्रस्थान 13.35 बजे; माथेरान आगमन 13.53 बजे 15 जून से नेरल - अमन लॉज के बीच नहीं चले टॉय ट्रेन

दिल्ली, नोएडा से लेकर महाराष्ट्र तक 25 महिलाओं से शादी करनेवाला गिरफ्तार, मुंबई पुलिस ने बताई फ्रॉड की कहानी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। बॉलीवुड की एक फिल्म आई थी 'लेडीज़ वर्सेस रिकी बहल'। इस फिल्म की तरह ही एक ठग ने एक दो या 5-10 नहीं, बल्कि 25 लड़कियों को शादी के नाम पर लूटा। शख्स ने कई से शादी का वादा करके कई सालों तक महिलाओं का भरोसा जीता और फिर उनसे रुपये ऐंठे। इतना ही नहीं, 25 ऐसी महिलाएं सामने आई हैं, जिनसे उसने शादी तक की। पुलिस ने बताया कि अनुजकुमार चंद्रप्रकाश त्रिवेदी ने मैट्रिमोनियल साइट्स पर खुद को एक आदर्श दूल्हे के तौर पर पेश किया और कई राज्यों में 25 से ज्यादा महिलाओं से शादी करके करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। जांचकर्ताओं का कहना है कि अनुज कुमार ने खास तौर पर तलाकशुदा और कमजोर स्थिति वाली महिलाओं को निशाना बनाया। उसने नकली पहचान और इमोशनल मैनिपुलेशन (भावनात्मक हेरफेर) का इस्तेमाल करके देश के सबसे चौंकाने वाले मैट्रिमोनियल स्कैम में से एक को अंजाम दिया। सालों तक फ़रार रहने के बाद ग्रेटर नोएडा से गिरफ़्तार मीरा भायंदर-वसई विरार के डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस संदीप डोइफोडे ने बताया कि आरोपी का पता उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में चला। पुलिस ने 24 मई को उसे गिरफ़्तार किया, जब उन्हें पता चला कि वह नकली पहचान के साथ रह रहा था। जांचकर्ताओं को पता चला कि वह कई नकली नामों का इस्तेमाल करता था, जिनमें अजय अग्रवाल, अजय संतोष सिंह और जयप्रकाश रमेशचंद गुप्ता शामिल हैं। कैसे हुआ यह कथित मैट्रिमोनियल स्कैम यह मामला तब सामने आया जब मार्च 2022 में एक 75 वर्षीय महिला नयानगर पुलिस के पास पहुंची। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने महिला की 45 वर्षीय बेटी के लिए जीवनसाथी की तलाश वाले एक मैट्रिमोनियल विज्ञापन का जवाब दिया था। खुद को अजय अग्रवाल बताकर, उसने कथित तौर पर मार्च 2019 में उस महिला से शादी कर ली। पुलिस ने बताया कि परिवार का भरोसा जीतने के बाद, उसने शिकायतकर्ता को मीरा रोड स्थित अपना फ्लैट बेचने के लिए मना लिया। उसने कथित तौर पर कहीं और नई प्रॉपर्टी खरीदने और दो मंज़िला घर बनाने का वादा किया था। समय के साथ, परिवार ने कथित तौर पर उसे 82 लाख रुपये नकद दे दिए। जांचकर्ताओं ने बताया कि बाद में आरोपी पीड़िता को एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बहाने दिल्ली ले गया।

आग लगी नहीं थी, लगाई गई थी... दिल्ली के तुगलकाबाद अग्निकांड में बड़ा खुलासा, जिंदा जल गए थे 3 लोग

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। तुगलकाबाद एक्सटेंशन में 12 जून की रात लगी भीषण आग को शुरुआत में एक हादसा माना गया था. आधी रात के बाद अचानक आग भड़की, कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत आग की लपटों में घिर गई, लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों और बालकनियों की तरफ भागे, कई लोग झुलस गए और तीन लोगों की मौत हो गई. लेकिन अब पुलिस जांच में जो कहानी सामने आई है, उसने इस पूरे मामले को हादसे से सीधे आपराधिक साजिश में बदल दिया है. दक्षिण दिल्ली पुलिस का दावा है कि यह आग किसी शॉर्ट सर्किट या दुर्घटना की वजह से नहीं लगी थी. इसे जानबूझकर लगाया गया था. एक पुरानी रंजिश, पैसों का विवाद और बदला लेने की भावना ने तीन लोगों की जान ले ली. घटना 12 जून की रात करीब 2 बजकर 24 मिनट की है. दक्षिण दिल्ली के गोविंदपुरी थाना क्षेत्र स्थित टीकेडी एक्सटेंशन की एक बहुमंजिला इमारत में अचानक आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि ग्राउंड फ्लोर से लेकर पांचवीं मंजिल तक पूरा भवन उसकी चपेट में आ गया. स्थानीय लोगों ने जब धुआं और आग की लपटें देखीं तो पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी. मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कई लोग झुलस चुके थे. हादसे में आठ लोग घायल हुए थे, जिन्हें तत्काल एम्स ट्रॉमा सेंटर और सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान पंकज पांडे, सुशीला देवी और सोनिया कुमारी की मौत हो गई. इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. पहले हादसा समझा गया, फिर CCTV ने बदल दी कहानी शुरुआत में पुलिस ने इसे आग लगने की सामान्य घटना मानते हुए लापरवाही से मौत और आगजनी से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था. लेकिन जांच के दौरान पुलिस को कुछ ऐसे CCTV फुटेज मिले, जिन्होंने पूरी कहानी बदल दी. फुटेज में एक महिला आग लगने से ठीक पहले बिल्डिंग की ओर जाती दिखाई दी. यह फुटेज पुलिस के लिए पहला बड़ा सुराग साबित हुआ. इसके बाद जांच टीम ने फुटेज, कॉल डिटेल्स और स्थानीय पूछताछ के आधार पर मामले की तह तक पहुंचना शुरू किया. जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, पुलिस को पता चला कि आग किसी तकनीकी खराबी की वजह से नहीं लगी थी, बल्कि इसे साजिश के तहत अंजाम दिया गया था.

नाबालिग लड़की ने खोला राज

जांच के दौरान पुलिस एक 17 साल की लड़की तक पहुंची. पूछताछ में लड़की ने कई अहम खुलासे किए. उसने बताया कि उसे आग लगाने के लिए उकसाया गया था. पुलिस के मुताबिक, लड़की ने बताया कि सरिता नाम की महिला ने उसे पेट्रोल और माचिस दी थी. प्लानिंग थी कि पांचवीं मंजिल पर रहने वाले दीपक की स्कूटी को आग लगाई जाए.रोपकूटी तक सीमित नहीं रही. देखते ही देखते उसने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया. इस आग ने तीन लोगों की जान ले ली और कई परिवारों की जिंदगी बदल दी. पुलिस जांच में सामने आया कि इस पूरी साजिश का केंद्र दीपक नाम का युवक था. दीपक और निरंजन के बीच पैसों को लेकर पुराना विवाद चल रहा था. चौंकाने वाली बात यह है .

दिल्ली में यमुना को स्वच्छ बनाने का संकल्प, CM रेखा गुप्ता ने संभाली सफाई अभियान की कमान,

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को गीता कॉलोनी स्थित दशमेश घाट पर आयोजित 'मां यमुना रिवरबैंक क्लीनलिनेस ड्राइव' में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने यमुना को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यमुना में पूजा सामग्री और अन्य कचरा डालकर हम अपनी आस्था को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से ही यमुना को उसका पुराना स्वरूप लौटाया जा सकता है।

सुबह 6 बजे से चला सफाई अभियान

मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्वयंसेवकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुबह 6 बजे से ही सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान यमुना तट और नदी से सैकड़ों टन कचरा हटाया गया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है।

लगातार जारी रहेगा अभियान

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह कोई एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक सतत अभियान है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और नागरिकों को इससे जोड़ा जाएगा, ताकि यमुना को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाया जा सके।

दिल्ली में टेंपल टूरिज्म सर्किट की तैयारी, अक्षरधाम से योगमाया मंदिर तक चलेंगी स्पेशल बसें

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। सरकार राजधानी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार स्पिरिचुअल टूरिज्म सर्किट योजना पर काम कर रही है. इसके तहत विशेष पर्यटन बसें चलाई जाएंगी जो श्रद्धालुओं को अक्षरधाम से लेकर सदियों पुराने योगमाया मंदिर समेत दिल्ली के कई प्रमुख मंदिरों के दर्शन एक ही यात्रा में कराएंगी. प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन इस पहल के तहत दो खास बसें शुरू करने की योजना बना रहा है. ये प्रोजेक्ट अभी टेंडरिंग के चरण में है और सीटें सरकार के 'देखो मेरी दिल्ली' प्लेटफॉर्म के जरिए बुक की जा सकेंगी, जहां लॉन्च के बाद इस नए सर्किट को जोड़ने की उम्मीद है. अधिकारियों के अनुसार, इस प्रस्तावित रूट के तहत प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे अक्षरधाम, बिड़ला मंदिर, लॉर्ड वेंकटेश्वर (बालाजी) मंदिर, सीआर पार्क की काली बाड़ी और योगमाया मंदिर को आपस में जोड़ा जाएगा, ताकि लोग एक ही टूर में कई पवित्र स्थानों के दर्शन सुगमता से कर सकें. जैसे-जैसे सर्किट का विस्तार होगा, इसमें और मंदिर जोड़े जा सकते हैं. अधिकारियों का कहना है कि इस पहल की शुरुआत में दो बसों से सेवा शुरू की जाएगी. यात्रियों की प्रतिक्रिया देखने के बाद सेवा का विस्तार किया जाएगा. रूट और ऊंचाई संबंधी पाबंदियों को ध्यान में रखते हुए छोटी बसों का इस्तेमाल संभावित है. दिल्ली सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के पर्यटन आकर्षण को केवल मुगलकालीन स्मारकों और ऐतिहासिक स्थलों की स्थापित सीमाओं से आगे ले जाना है. अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली को अक्सर सिर्फ पुराने किलों के लिए जाना जाता है, जबकि यहां कई महत्वपूर्ण और भव्य पूजा स्थल भी है.

दिल्ली में बिजली बिल पर बढ़ेगा बोझ या मिलेगी राहत? PPAC बढ़ोतरी पर सरकार का आया जवाब

महानगर मेट्रो ब्यूरो

